।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर ।।

E-Mail:- dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone No :- 01372-252175

पत्रांकः 5689 / 12-1 दिनांक, गोपेश्वर, अप्रैल 10 /2024

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, थराली।

विषयः— **जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत विकासखण्ड नारायणबगड़ में फारकोट से डुडवागाड़ मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.61 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।**

संदर्भः— वन क्षेत्राधिकारी, पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड़ की पत्र सं0 850/12 दिनांक 06.04.2024.

महोदय,

वन क्षेत्राधिकारी, पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड के उपरोक्त संदर्भित पत्र से विषयांकित मोटर मार्ग के नव निर्माण के सम्बन्ध में अवगत कराया है कि पूर्व में प्रभावित होने वाले 180 वृक्षो की व्यासवार गणना की गयी थी, जिसमें वन दरोगा फारकोट द्वारा दिनांक 06.04.2024 को अवगत कराया कि उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से ग्राम तुनेड़ा एवं डडुवागाड़ की नाप भूमि में खड़ीक, भीमल एवं अन्य प्रजातियों के वृक्ष प्रभावित हो रहे है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा मार्ग के संरखेण हेतु कोई पिल्लर नहीं बनाये गये है एवं उसके प्रतिनिधियों के द्वारा वृक्षो की गणना में कोई सहयोग नही दिया जा रहा है। जिस कारण मार्ग के निर्माण में नाप भूमि धरो के खेतो में प्रभावित होने वाले वृक्षो की गणना नही हो पा रही है पिल्लर निर्माण के पश्चात् ही वृक्षो की गणना की जा सकती है। प्रकरण उच्च स्तर को प्रेषित की जा चुकी है। नाप भूमि में आ रहे वृक्षो की सूचना पृथक से उच्च स्तर को प्रेषित की जायेगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि भविष्य में ध्यान रहे कि आपके नियंत्रणाधीन नव निर्माण सड़क का संरखेण अनुसार आर0सी0सी0पिल्लरो से सीमांकन करने के उपरान्त ही इस वन प्रभाग एवं वन क्षेत्राधिकारी को वन भूमि एवं वृक्षो की गणना हेतु संयुक्त निरीक्षण की तिथि निर्धारण करने हेतु लिखे। उक्त प्रकरण में नाप भूमि में भूमिधरो के भूमि का सीमांकन के उपरान्त ही उसमें प्रभावित वृक्षो की गणना हेतु सम्बन्धित वन क्षेत्राधिकारी से सम्पर्क स्थापित करते हुए वृक्षो की गणना हेतु अपने सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित करने का करने का कष्ट करे। ताकि मोटर मार्ग में प्रभावित होने वाले वृक्षो की सुस्पष्ट पूर्ण सूचना उच्च स्तर को प्रेषित की जा सके।

भवदीय,

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः—5689 / 12-1 दिनांकित।
प्रतिलिपिः— वन क्षेत्राधिकारी, पश्चिमी पिण्डर रेंज, नारायणबगड़ को उपरोक्तानुसार निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार मोटर मार्ग के संरेखण में आ रहे सम्पूर्ण वृक्षो की गणनावार सुस्पष्ट सूचना यथाशीघ्र इस कार्यालय को प्रेषित करे, ताकि प्रकरण में विलम्ब ना हो।

(सर्वेश कुमार)
प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर।

o/c